पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-8 शुक्रवार, दिनांक-4 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.32 बजे अपराह्न तक ।

(1) **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 05 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 'क' 12 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 336 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 78 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया :-

(i) श्री जितेन्द्र कुमार राय (ii) श्री संजय सरावगी

(iii) श्री पवन कुमार जायसवाल

माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा बहेड़ी के महादलित परिवार का मामला उठाया गया जिसपर आसन द्वारा इस विषय को स्वयं देख लेने की बात कही गई ।

(3) **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य श्री जनार्दन मांझी एवं अन्य सभासदों के खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित दिनांक 28.02.2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य डॉ० रामानन्द यादव एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 03.03.2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) मा० सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 03.03.2011 से ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री राजेश्वर राज एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री राजेश्वर राज द्वारा पढ़ा गया, जिसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) मा० सदस्य डा० अब्दुल गफूर की ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया जिसका उत्तर दिनांक 09.03.2011 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक

(4) **वित्तीय कार्य** :-वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:- मानव संसाधन विकास विभाग :-

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री पी०के० शाही द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अख्तरूल ईमान द्वारा मानव संसाधन विकास विभाग की मांग पर राज्य सरकार की मानव संसाधन विकास नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री कृष्णनंदन यादव

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री राम लषण राम रमण ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री विनय कुमार सिंह
(iii) श्री नौशाद आलम
(iv) श्रीमती रंजू गीता
(v) श्री ज्ञानचंद मांझी
(vi) डा० अब्दुल गफूर
(vii) श्रीमती ज्योति रश्मि
(viii) श्री अवधेश कुमार राय
(ix) श्री अरूण मांझी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(x) श्री श्यामदेव पासवान
(xi) श्री प्रदीप कुमार
(xii) श्रीमती उषा विद्यार्थी
(xiii) श्री अरूण शंकर

माननीय प्रभारी मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा विभाग से संबंधित भावी योजनाओं से सदन को अवगत कराया गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दरम्यान् विरोध प्रकट करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अख्तरूल ईमान का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा मानव संसाधन विकास विभाग के अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृति हुआ ।

(5) **निवेदन** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 16 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक-सोमवार, दिनांक 07 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-04.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।